**CAMPUS PLACEMENT DRIVE 14th July, 2026**

**Himachal Dastak – 15th July, 2026**

## रामपुर कॉलेज में रोजगार मेला शुरू




**रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय रामपुर में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। महाविद्यालय के करियर गाइडेंस, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से 14 जुलाई को महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए एवं बी वॉक के वर्ष 2025 एवं 2026 के स्नातक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने रोजगार के इस अवसर के प्रति विशेष उत्साह एवं रुचि दिखाई तथा बड़ी संख्या में साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया। इस अवसर पर एसबीआई लाइफइंश्योरेंस की भर्ती टीम ने विद्यार्थियों को संस्था में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, प्रशिक्षण, करियर विकास तथा प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के उप प्रधानाचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास एवं व्यावसायिक कौशल को भी सुदृढ़ करते हैं।

**अमर उजाला** Rampur (Himacha

15-07-2026

असुविधा न हो। संवाद

## रामपुर कॉलेज में विद्यार्थियों ने दिए वॉक-इन इंटरव्यू



कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेता विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

**रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय रामपुर में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए एवं बीवॉक के वर्ष 2025 एवं 2026 के स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की भर्ती टीम ने विद्यार्थियों को संस्था में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, प्रशिक्षण, कॅरिअर विकास और प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद पात्र अभ्यर्थियों के वॉक-इन इंटरव्यू लिए गए। उपप्रधानाचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी कहा कि ऐसे प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास एवं व्यावसायिक कौशल को भी सुदृढ़ करते हैं। कॅरिअर गाइडेंस, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. शिवाली ठाकुर ने एसबीआई लाइफ भर्ती टीम का आभार व्यक्त किया। संवाद

**दिव्य हिमाचल** देवभूमि का अग्रणी समाचारपत्र

चयनित प्रशिक्षुओं में साहिल (एमएमवी ट्रेड), उमेश कुमार (इलेक्ट्रीशियन ट्रेड), आकाश पराशर तथा किंजल (इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ट्रेड) शामिल हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये प्रशिक्षु विदेश में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को अपने सहपाठियों के साथ साझा करेंगे तथा संस्थान का नाम रोशन करेंगे।

## रोजगार और करियर पर छात्रों का बढ़ाया ज्ञान




रामपुर: कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान शिक्षक जानकारी देते हुए

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय, रामपुर बुशहर में मंगलवार को करियर गाइडेंस, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए तथा बीवोक के स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान विद्यार्थियों को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की भर्ती टीम ने संस्था में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, करियर विकास की संभावनाओं तथा प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के उप-प्रधानाचार्य डाक्टर विद्या बंधु नेगी ने कहा कि ऐसे प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास एवं व्यावसायिक कौशल को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऐसे प्लेसमेंट एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# CAMPUS PLACEMENT DRIVE 14th July, 2026

**एआरबी टाइम्स**




**एआरबी टाइम्स ब्यूरो, रामपुर बुशहर**

रामपुर महाविद्यालय के करियर गाइडेंस, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से मंगलवार को महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए और बीवॉक के वर्ष 2025 एवं 2026 के स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। रोजगार के इस

हॉल में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए और बीवॉक के वर्ष 2025 एवं 2026 के स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। रोजगार के इस अवसर को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में अभ्यर्थी साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हुए।

इस दौरान एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की भर्ती टीम ने विद्यार्थियों को संस्था में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, प्रशिक्षण, करियर विकास और प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद पात्र अभ्यर्थियों के वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किए गए।

महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ उनके आत्मविश्वास और व्यावसायिक कौशल को भी मजबूत करते हैं।

**The Suprabhat**
1d ·

राजकीय महाविद्यालय, रामपुर बुशहर में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सफलतापूर्वक आयोजित करवाया गया। महाविद्यालय के करियर गाइडेंस,इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से 14 जुलाई 2026 को महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी., बी.सी.ए. एवं बी.वोक. के वर्ष 2025 एवं 2026 के स्नातक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने रोजगार के इस अवसर के प्रति विशेष उत्साह एवं रुचि दिखाई तथा बड़ी संख्या में साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया।

इस अवसर पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की भर्ती टीम ने विद्यार्थियों को संस्था में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, प्रशिक्षण, करियर विकास तथा प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात पात्र अभ्यर्थियों के वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किए गए।

महाविद्यालय के उप-प्रधानाचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास एवं व्यावसायिक कौशल को भी सुदृढ़ करते हैं।

करियर गाइडेंस,इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ. शिवाली ठाकुर ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की भर्ती टीम तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में ऐसे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही।



## CAMPUS PLACEMENT DRIVE 14th July, 2026









**CAMPUS PLACEMENT DRIVE** **14th July, 2026**






**CAMPUS PLACEMENT DRIVE** **14th July, 2026**




